14.31 lakh tonnes, as against 14.23 lakh tonnes up to the corresponding date last year.

(d) The higher production of sugar expected this year is likely to ease the supply position of sugar in the country. As a matter of fact, the quantity released monthly has already been increased from 1.66 lakh tonnes in 1967-68 to 1.95 lakh tonnes per month from January, 1969. The ex-factory selling prices of levy sugar were fixed zone-wise on the basis of the estimates of working results of the factories in the respective regions and in accordance with the schedules framed by the Sugar Enquiry Commission. These prices will be revised after the crushing season is over on the basis of the actual working results.

(e) During 1968-69, it is at present proposed to export about 95,000 tonnes against the export of 99,000 tonnes in 1968.

निर्धारित आयु से कम आयु के स्नातकों को मतदान का अधिकार

376. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
कुमारी कमला कुमारी :
श्री ओमप्रकाश शर्मा त्यागी :
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :

क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जहां तक मतदान करने के अधिकार का सम्बन्ध है, किसी व्यक्ति की आयु की अपेक्षा शैक्षिक योग्यता का महत्व अधिक है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि निर्वाचन की वर्तमान पद्धति में केवल आयु को ही महत्व प्राप्त है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार मतदान करने में शैक्षिक योग्यता के महत्व को ध्यान में रखते हुए उन सभी नवयुवकों और युवतियों को मतदान का अधिकार देने का है, जिन्होंने बी० ए० या उसके समकक्ष कोई और परीक्षा पास की हो, चाहे उन्होंने निर्धारित आयु प्राप्त न भी की हो : और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम): (क) वह विवाद का विषय है।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते।

उत्तर प्रदेश में जिला निर्वाचन अधिकारी को विशेष वेतन

377. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
कुमारी कमला कुमारी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :

क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1966 के वित्तीय ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव संचालन करने के लिए विशेष वेतन के रूप में 100 रुपये देने की व्यवस्था थी और क्या सरकार ने इसको लागू किया है ;

(ख) यदि हां, तो इसे किस तरीके से लागू किया गया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) और (ख) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। (पुस्तकालय में रख दिया गया। [देखिये संख्या LT--43/69]

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Trilingual Money Order Forms in non-Hindi Areas

378. DR. RANEN SEN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to refer to the reply given to Un-